## कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

### विज्ञप्ति

सर्व साधारण के सूचनार्थ विज्ञप्ति प्रसारित की जाती है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा संचालित वर्ष 2025 की हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले संस्थागत एवं व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर ऑनलाइन अपलोड करने की **समय सारिणी** निम्नवत् निर्धारित की जाती है :-

| संस्थागत / व्यक्तिगत छात्र / छात्राओं हेतु | निर्धारित अन्तिम तिथि |
|---|---|
| 1- संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा छात्र / छात्राओं का कक्षा-10 एवं 12 में प्रवेश लेने तथा परीक्षा शुल्क प्राप्त करने की अन्तिम तिथि। | 05 अगस्त,,2024 तक |
| 2- संस्था के प्रधान द्वारा समस्त अर्ह छात्र / छात्राओं से प्राप्त परीक्षा शुल्क को एक मुश्त चालान के माध्यम से कोषागार में जमा करने की अन्तिम तिथि। | 10 अगस्त,2024 तक |
| 3- संस्था के प्रधान द्वारा कोषागार में जमा किये गये परीक्षा शुल्क की सूचना तथा छात्र / छात्राओं के शैक्षिक विवरणों को परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर ऑनलाइन अपलोड करने की अन्तिम तिथि। | 16 अगस्त,2024 तक (मध्यरात्रि 12.00 बजे तक) |
| 4- 10 अगस्त,2024 के पश्चात प्रति छात्र रुपया 100/- (एक सौ मात्र) विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क चालान के माध्यम से कोषागार में जमा करने की अन्तिम तिथि। | 16 अगस्त,2024 तक |
| 5- विलम्ब शुल्क के साथ जमा परीक्षा शुल्क की सूचना तथा छात्र / छात्राओं के शैक्षिक विवरण वेबसाइट पर आनलाइन अपलोड करने की अन्तिम तिथि। | 20 अगस्त,2024 तक (मध्यरात्रि 12.00 बजे तक) |
| 6- वेबसाइट पर आनलाइन अपलोड किये गये छात्र / छात्राओं के विवरणों की चेकलिस्ट प्राप्त कर संस्था के प्रधान द्वारा उनके विवरणों (नाम, माता / पिता का नाम, जन्मतिथि, विषय, फोटो आदि) को भली-भांति चेक (जाँच) करने की अवधि। (इस अवधि में वेबसाइट पर किसी भी प्रकार का अपडेशन प्रतिबन्धित रहेगा।) | 21 अगस्त से 31 अगस्त,2024 तक |
| 7- ऑनलाइन अपलोड किये गये छात्रों के विवरणों में जांचोपरान्त यदि किसी प्रकार का संशोधन वांछित है तो उसे संस्था के प्रधान द्वारा पुनः वेबसाइट पर संशोधित / अपडेट करने की अवधि। (इस अवधि में किसी नवीन छात्र का विवरण अपलोड / स्वीकार नहीं किया जायेगा। केवल संशोधन ही स्वीकार किये जायेगें।) | 01 सितम्बर से 10 सितम्बर,2024 तक (मध्यरात्रि 12.00 बजे तक) |
| 8- संस्था के प्रधान द्वारा पंजीकृत अभ्यर्थियों की फोटोयुक्त नामावली एवं तत्सम्बन्धी कोषपत्र की एक प्रति परिषद के क्षेत्रीय कार्यालयों को भेजे जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि। | 30 सितम्बर,2024 तक |

**वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क का विवरण –**

| क्रम | परीक्षा | संस्था0 / व्यक्ति0 | परीक्षा शुल्क | अंकपत्र शुल्क | अग्रसारण शुल्क | योग (रु0पै0) | प्रधानाचार्य के प्रयोगार्थ | कोषागार में जमा की जाने वाली परीक्षा शुल्क की धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **हाईस्कूल** | संस्थागत | **500.00** | **1.00** | ------ | **501.00** | **0.25** | **500.75** |
| 2 | हाईस्कूल क्रेडिट सिस्टम | संस्थागत | 200.00 | 1.00 | ------ | 201.00 | 0.25 | 200.75 |
| 3 | हाईस्कूल | व्यक्तिगत | **700.00** | **1.50** | **5.00** | **706.50** | **0.50** | **706.00** |
| 4 | हाईस्कूल क्रेडिट सिस्टम | व्यक्तिगत | 300.00 | 1.50 | 5.00 | 306.50 | 0.50 | **306.00** |
| 5 | हाईस्कूल विनियम के अन्तर्गत अतिरिक्त विषय की परीक्षा हेतु | व्यक्तिगत | 200.00 (प्रति विषय) | 1.50 | 5.00 | 206.50 | 0.50 | **206.00** |
| | | | | | | | | |
| 1 | **इण्टरमीडिएट** | संस्थागत | **600.00** | **1.00** | ------ | **601.00** | **0.25** | **600.75** |
| 2 | इण्टरमीडिएट कृषि (भाग–१ एवं २) एवं व्यावसायिक वर्ग | संस्थागत | **600.00** | **1.00** | ------ | **601.00** | **0.25** | **600.75** |
| 3 | इण्टरमीडिएट | व्यक्तिगत | **800.00** | **1.50** | **5.00** | **806.50** | **0.50** | **806.00** |
| 4 | इण्टरमीडिएट कृषि (भाग–१ एवं २) एवं व्यावसायिक वर्ग के अनुत्तीर्ण छात्र | व्यक्तिगत | **800.00** | **1.50** | **5.00** | **806.50** | **0.50** | **806.00** |
| 5 | इण्टरमीडिएट विनियम के अन्तर्गत अतिरिक्त विषय की परीक्षा हेतु | व्यक्तिगत | 200.00 (प्रति विषय) | 1.50 | 5.00 | 206.50 | 0.50 | 206.00 |

उपर्युक्त निर्धारित तिथि/व्यवस्था के अन्तर्गत व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को वेबसाइट पर उपलब्ध व्यक्तिगत परीक्षा आवेदन पत्र के प्रारूप को डाउनलोड करके उसे पूरित करते हुये अपने शैक्षिक अर्हता के साक्ष्यों सहित परीक्षा शुल्क की नकद धनराशि अग्रसारण केन्द्र के प्रधानाचार्य को प्राप्त कराना होगा। तदनुसार उपरोक्त निर्धारित अवधि में अग्रसारण अधिकारी (प्रधानाचार्य) द्वारा सम्पूर्ण कार्यवाही सम्पन्न की जायेगी।

छात्र/छात्राओं के प्रमाणपत्रों/अंकपत्रों में उनके शैक्षिक विवरण यथा– नाम/माता का नाम/पिता का नाम जन्मतिथि, चयनित विषय आदि शुद्ध मुद्रित हो इसके लिए प्रत्येक छात्र/छात्रा के विवरणों को उनके कक्षाध्यापक एवं प्रधानाचार्य द्वारा विधालयी अभिलेखानुसार भली–भाँति जाँच करके ही परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। छात्र/छात्रा के शैक्षिक विवरणों में किसी भी प्रकार की त्रुटि/विसंगति होने पर इसके लिये कक्षाध्यापक/प्रधानाचार्य ही उत्तरदायी होगें। अतः छात्र/छात्राओं के सभी शैक्षिक विवरणों को पूर्ण शुद्धता के साथ परिषद की वेबसाइट पर अपलोड कराया जाना अनिवार्य है।

( दिव्यकान्त शुक्ल )
सचिव।

पृष्ठांकन संख्या–मा0शि0प0 / सिस्टम सेल / 201 (1-10) दिनांकः 28-06-2024

उपर्युक्त विज्ञप्ति की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1– प्रदेश के समस्त दैनिक समाचार पत्र के सम्पादकों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि विज्ञप्ति जनहित से सम्बन्धित है। अतएव इसे अपने दैनिक समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में प्रमुख स्थान पर निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

2– विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–7, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

3– महानिदेशक स्कूल शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।

4– शिक्षा निदेशक (मा0) एवं सभापति, शिविर कार्यलय, 18 पार्क रोड़, प्रयागराज।

5– अपर शिक्षा निदेशक (पत्राचार), पत्राचार शिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

6– अपर शिक्षा निदेशक (मा0) उत्तर प्रदेश, शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज।

7– समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।

8– अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ / बरेली / प्रयागराज / वाराणसी / गोरखपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि वे अपने स्तर से भी इसका व्यापक प्रचार प्रसार करायें।

9– समस्त मण्डलीय उप शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।

10– समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि विज्ञप्ति अपने जनपद मे व्यापक रूप से प्रसारित करायें। संस्था के प्रधान द्वारा सभी अभ्यर्थियों के परीक्षा शुल्क का कोषपत्र 5 प्रतियों में तैयार करके अपने ही जनपद के कोषागार में जमा किया जायेगा। कोषपत्र की दो प्रति कोषागार में, एक प्रति जिला विद्यालय निरीक्षक के पास, एक प्रति नामावली के साथ परिषद कार्यालय को प्रेषित की जायेगी तथा एक प्रति संस्था के प्रधान द्वारा विद्यालय में सुरक्षित रखी जायेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा जनपद के समस्त संस्थाओं से संकलित कोषपत्रों का सत्यापन अधिकतम एक माह के अन्दर कोषागार से करा लेना अनिवार्य होगा। तदोपरान्त सत्यापन की वस्तुस्थिति / संस्तुति से परिषद के सम्बन्धित क्षेत्रीय सचिव को अवगत कराया जायेगा। संस्था के प्रधान द्वारा सम्पूर्ण कार्यवाही पूर्ण करने के पश्चात वेबसाइट से डाउनलोड की गयी परीक्षार्थियों की नामावली तथा कोषपत्र की एक प्रति क्षेत्रीय कार्यालय को प्रेषित करने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा की जायेगी।

( दिब्यकान्त शुक्ल )
सचिव।